अमर उजाला 01/02/2024

वाद-विवाद प्रतियोगिता में गौरव और बेबी प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज द्वारा प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में लीगल साक्षरता सेल द्वारा सूचना के अधिकार विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज की कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचना के अधिकार के महत्व को समझने, उसकी आवश्यकताओं पर विचार प्रस्तुत करने और इसके बढ़ते प्रयोग को सांझा करने का एक मंच प्रदान किया गया है ताकि विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी मिल सके। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ सरोज बाला एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रितु गुप्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन मिस जस्मिता द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरव भारद्वाज एवं बेबी ने हासिल किया। आक्षी व सिमरनजीत कौर ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान पूजा एवं प्रीति कौर, साक्षी ने हासिल किया।

विजेताओं को सम्मानित करते कॉलेज स्टाफ। संस्था